तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026



11 स्वामी विवेकानंद जयंती पर आईटीआई में विचार ...



12 नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी का समापनः पायोनरिंग ...






## खबर संक्षेप

### लोहे के एंगल और तार की चोरी, दो के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज

**बालोद।** ग्राम जमरूवा खार में चारागाह में लगे लोहे के एंगल और तार को दो लोगों ने चोरी कर लिया। जिसके बाद सरपंच द्वारा नामजद रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 3(5), 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम साल्हे ग्राम पंचायत साल्हे की सरपंच संगीता ने पुलिस को बताया कि हमारे पंचायत के आश्रित गांव जमरूवा खार में चारागाह के लिए 13 एकड जमीन को शासन द्वारा चिन्हाकित कर लोहे के राड एवं तार से घेरा लगाया गया है, सुबह करीबन 09 बजे गांव के मंगुन बढाई ने मोबाईल के माध्यम से बताया कि गांव के देसु यादव, गंगाराम उइके के द्वारा चारागाह के लोहे के एंगल एवं तार को निकालकर चोरी कर रहा है, सूचना पाकर मैं, उप सरपंच लोमनसिंह तारम एवं पंच तोरण लाल मौके पर जाकर देखा तो चारागाह में लगे 12 नग लोहे के एंगल नही था, तार जाली वही पर पडा था, देसु यादव एवं गंगाराम उइके द्वारा 12 नग लोहे का एंगल 6 फीट वाला नही था, चोरी कर ले गया है।

### राईस मिलों और दुकानों का किया निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने के अलावा धान खरीदी केन्द्रों से धान की समुचित उठाव हेतु भी समुचित उपाय सुनिश्चित किए जा रहे है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा थोक एवं फुटकर व्यापारियों के दुकानों एवं गोदामों के अलावा राईसमिलों की भी नियमित रूप से जाँच की जा रही है। इसके अंतर्गत आज एसडीएम गुरूर आरके सोनकर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा गुरूर विकासखण्ड के पुरूर स्थित राईस मिल में धान एवं चावल की उपलब्धता एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया गया।

### मशीनरी सामान की चोरी अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बालोद।** खेत स्थित कमरे में रखे मशीनरी सहित अन्य सामान की चोरी हो गई। जिसके बाद किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम औराटोला पो. डौंडी जिला बालोद निवासी तुलाराम साहू पिता रजऊराम ने पुलिस को बताया कि शाम 05:30 बजे अपने खेत के मकान के शेष पेज 10 पर

# सूर्य उपासना, दान और परंपराओं के साथ हर्षोल्लास से मनाया मकर संक्रांति पर्व

**मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण में प्रवेश के अवसर पर मनाई जाती है और दान-पुण्य का विशेष महत्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार की सुबह से ही मकर संक्रांति का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। तड़के सुबह से ही लोगों ने पवित्र नदियों, तालाबों और जलाशयों में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद घरों में तिल-गुड़ से बने व्यंजन, खिचड़ी, लाई, चिवड़ा सहित अन्य पारंपरिक पकवान बनाए गए और आपस में एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं। दल्लीराजहरा नगर के विभिन्न मोहल्लों में सुबह से ही पतंगबाजी का उत्साह देखने को मिला। बच्चों से लेकर युवाओं तक ने छतों पर पतंग उड़ाकर पर्व का आनंद लिया। वहीं कई स्थानों पर जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और तिल-गुड़ का दान भी किया गया, जिससे पर्व का सामाजिक और धार्मिक स्वरूप और भी सशक्त दिखाई दिया। पंडित प्रेम शुक्ला और सनत पाठक ने बताया कि क्यों मनाई जाती है मकर संक्रांति

मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जिसे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं, जिसे शुभ काल की शुरुआत माना जाता है। मान्यता है कि मकर संक्रांति से दिन बड़े होने लगते हैं और सकारात्मक शेष पेज 10 पर

## समस्या : शुगर जांच के लिए ग्रामीण भटकने को मजबूर

# गुरूर विकासखण्ड में बीपी-शुगर मरीजों की बढ़ी परेशानी, तीन माह से दवा और जांच किट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



विकासखण्ड के सुगर, बीपी के मरीज निजी चिकित्सको, लैबो एवं निजी दवाई दुकान के भरोसो आ गए है। बीते तीन माह से विकासखण्ड के उप स्वास्थ केन्द्रो मे बीपी की दवाई व सुगर परीक्षण का किट उपलब्ध नही हो पा रहा है।

- दवा के लिए भटक रहे मरीज, कर्मचारी दे रहे बाजार की सलाह

विकासखण्ड के लगभग सभी उपस्वास्थ केन्द्रो मे बीते तीन माह से ब्लडप्रेशर की दवाई की आपूर्ति नही की गई है। दवाई के अभाव में विकासखण्ड के ब्लड प्रेशर के मरीजो को स्वास्थ केन्द्रो से ब्लड प्रेशर की दवाई नही दी जा रही है। स्वास्थ केन्द्रो के कर्मचारी मरीजो को दवाई के लिए सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गुरूर भेज रहे है या उन्हे बाजार से दवाई लेकर खाने की सलाह दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ केन्द्रो में भी ब्लड प्रेशर की दवाईया एवं शुगर परीक्षण कीट नही है। स्थानीय स्तर पर ही किसी तरह उसकी व्यवस्था कर काम चलाया जा रहा है। इस दौरान कुछ दवाईयां स्वास्थ केन्द्रो में जरूर पहुंची थी, लेकिन मरीजो की संख्या अधिक होने एवं लंबे अंतराल में आपूर्ति होने से मरीज निजी दुकानो से दवाई लेने मजबूर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड मे बीपी के लगभग 25 हजार से अधिक मरीज है।

बीते तीन माह से उपस्वास्थ केन्द्रो में शुगर परीक्षण स्टीक की आपूर्ति भी नही हो रही है। ग्रामीण रक्त परीक्षण के लिए भटक रहे है। उपस्वास्थ केन्द्रो में शुगर परीक्षण स्टीक नही होने से ग्रामीण मजबूरी में जान जोखिम मे डालकर निजी लैबो से रक्त परीक्षण करा रहे है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड में एक भी वैधानिक रक्त परीक्षण लैब नही है, जो लैब संचालित हो रहे है उनमे कुछ लैब ने स्वयं को रक्त नमूना संकलन के रूप में घोशित कर रखा है, तो कुछ में डॉक्टरो के नाम का सहारा ले रखा है, जबकि उन डॉक्टरो को कभी भी उन लैबो में नही देखा गया है। सरकारी अस्पतालो में शुगर परीक्षण स्टीक नही होने तथा वैधानिक लैब 25–30 किलोमीट दूर होने से रक्त परीक्षण के लिए ग्रामीणो को मजबूरी में जान जोखिम मे डालकर इन अवैधानिक लैबो में जाकर रक्त परीक्षण कराना पड़ रहा है। जनपद पंचायत गुरूर के पूर्व उपाध्यक्ष तोशण लाल साहू ने बताया कि मै उपस्वास्थ केन्द्र बासीन मे शुगर परीक्षण कराने गया था, लेकिन शुगर परीक्षण स्टीक नही होने से शुगर परीक्षण नही किया गया। मैने कई उप स्वास्थ केन्द्रो एवं प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र बोड़रा में जानकारी ली, सभी जगह बताया गया कि तीन माह से बीपी की दवाई एवं शुगर परीक्षण स्टीक की आपूर्ति नही हो रही है। मामले में इस प्रतिनिधि ने भी कई अन्य उपस्वास्थ केन्द्रो में जानकारी ली। सभी जगह बताया गया कि बीते तीन माह से बीपी की गोली एवं शुगर परीक्षण स्टीक की आपूर्ति नही हो रही है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी सुनील भारती ने कहा दवाईयां आज शाम तक आ जाएगी। आदमी लेने गया है। जो दवाई उपलब्ध है वे दवाईयां मरीजो को दी जा रही है।

# मनगटा जंगल सफारी मार्ग पर दुर्घटनाओं से जनधन और जानमाल को खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम ख़ुरसुल के समीप मनगटा जंगल सफारी मार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से जनधन की भारी क्षति हो रही है। इसके बावजूद वर्षों से बने इस खतरनाक ब्लैक स्पॉट पर शासन और प्रशासन का ध्यान अब तक नहीं गया है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान इस गंभीर समस्या से दुर्ग कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) दुर्ग को अवगत कराया गया है।

- सालों से बने ब्लैक स्पॉट पर शासन-प्रशासन बेपरवाह –पूर्व सरपंच बोरई रिवेंद्र यादव

पूर्व सरपंच बोरई रिवेंद्र यादव ने कहा कि स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान जा चुकी है, वहीं अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा दुर्घटनाओं के मूल कारणों की न तो जांच की गई और न ही किसी प्रकार के स्थायी सुधारात्मक उपाय किए गए। दुर्ग जिले के पुलगांव थाना एवं राजनांदगांव जिले के सोमानी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इस मार्ग पर पुलिस की भूमिका केवल दुर्घटना के बाद विवेचना और प्रकरण के खात्मे तक सीमित रह जाती है। दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए न तो सड़क की संरचना में सुधार किया गया और शेष पेज 10 पर

# व्यवहार न्यायालय की मांग ने पकड़ा तूल सांसद भोजराज नाग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

बालोद जिले का मात्र आदिवासी ब्लाक डोंडी मे व्यवहार न्यायालय की मांग को लेकर आज सांसद भोज राज नाग को ज्ञापन सौंपा, डोंडी व्यापारी संघ,एकता व्यापारी संघ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सर्व आदिवासी समाज, शीतला मंदिर समिति, पिछड़ा वर्ग समाज, किसान संघ,सहित अन्य सामाजिक संघ ने अपनी बात रखी है।

यह जानकारी मिली है कि सांसद को सौंपे गए ज्ञापन में व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने व्यवहार न्यायालय की स्थापना की मांग की है, जिससे आम लोगों को न्याय प्राप्त करने में आसानी हो। ज्ञापन में कहा गया की बालोद जिला का एकमात्र आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डौंडी को अभी भी अपनी पहचान से वंचित रखा गया है। प्रदेश के सभी ब्लॉक मुख्यालों में व्यवहार न्यायालय संचालित है। परंतु आज पर्यंत तक आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डौंडी अपनी सुविधाओं की बाट जोह रहा है। 20 से 25 वर्षों से पूर्ण तहसील का दर्जा मिलने के उपरांत भी जमीन तक ना तो यहां रजिस्टर कार्यालय न ही कोषालय और ना ही यहां व्यवहार न्यायालय स्थापित हो पाया है। ब्लॉक मुख्यालय होने के साथ साथ राजस्व नगर भी है इस ब्लॉक मुख्यालय में 62 ग्राम पंचायत आश्रित हैं। सभी ग्राम पंचायतों से चिखलाकसा की लगभग दूरी 32 किलोमीटर एवं बालोद की दुरी 62 किलोमीटर है। आने जाने में धन और समय दोनो की बर्बादी होने से आमजनों को मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यवहार न्यायालय को स्थल परिवर्तन कर तहसील मुख्यालय डौंडी में प्रतिस्थापन नहीं होने की स्थिति में 62 ग्राम पंचायत, सर्व समाज ब्लाक एवं व्यापारी संघ डौंडी के आम जनों द्वारा उग्र आंदोलन एवं चक्का जाम करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा पूर्व में भी इस विषय पर माननीय राज्यपाल को भी मांग पत्र सौंपा गया है।

व्यापारी संघ और सामाजिक संगठनों ने सांसद को बताया कि व्यवहार न्यायालय की स्थापना से आम लोगों को न्याय प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या बहुत अधिक है, जिससे लोगों को न्याय प्राप्त करने में देरी हो रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार व्यवहार न्यायालय की स्थापना के शेष पेज 10 पर

# धान खरीदी में समितियों कर रही नियमों की अनदेखी बरही समिति में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



धान खरीदी कार्य में समितियो द्वारा उच्च कार्यालयो के आदेशो का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। जानकारी के बाद की गई कथित जांच के बाद भी आदेशो का पालन समितियां नही कर रही है। ताजा मामला सेवा सहकारी समिति बरही का है।

- सब किस्मों को मिलाकर स्टेक लगाने से विवाद की स्थिति

धान खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही जिला कार्यालय से सभी समितियो को धान के किस्म के आधार पर अलग अलग स्टेक लगाने निर्देशित किया गया था। विभिन्न समितियो के प्राधिकृत अधिकारियो एवं प्रबंधको ने भी इसकी पुष्टि की है। इस आदेश के दो माह बाद भी समितियो मे किस्मो के आधार पर अलग अलग स्टेक नही लगाया जा रहा है। बीते दिनो सेवा सहकारी समिति सोरर, सेवा सहकारी समिति करहीभदर एवं सेवा सहकारी समिति सांकरा क में इन आदेशो के उल्लंघन के संबंध में हरिभूमि ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। मामले में कथित तौर पर जांच टीम भी इन समितियो में पहुंची थी, लेकिन इन समितियो मे उसके बाद भी अलग अलग किस्मो के आधार पर धान का स्टेक नही लगाने की बात सामने आ रही है। इस सूची अब सेवा सहकारी समिति बरही का भी नाम जुड़ गया है, यहां की स्थिति और अधिक चौकाने वाली है। सेवा सहकारी समिति बरही में जब यह टीम पहुंची तो सूचना पटल से समिति के नोडल अधिकारी, निगरानी समिति के सदस्यो की सूची वाली जानकारी हटा दिया गया। सेवा सहकारी समिति बरही मे भी अलग अलग किस्मो का अलग अलग स्टेक नही लगाया जा रहा है। सभी किस्मो को मिलाकर स्टेक लगाया जा रहा है। किस्मो को अलग अलग नही करने से मिलरो मे विवाद की स्थिति बन रही है। आरोप है कि अपने चहेते मिलरो को अच्छी साफ क्वालिटी का धान समिति दे रही है।

क्योकि उक्त सभी समितियो में आरोप है कि प्रशासन के आदेश के बाद भी समितियां साफ सुथरे धान के स्थान शेष पेज 10 पर

## सरपंच-सचिव टकराव से ठप पड़े पंचायत कार्य

# बोरतरा में विकास ठप, खाते में पड़े 17 लाख से अधिक, मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर




ग्राम पंचायत बोरतरा में लाखो रूपये खाता में पड़ा हुआ है। सरपंच सचिव के सामंजस्य के अभाव में ग्रामीण मूलभूत सुविधाओ के लिए तरस रहे है। कर्मचारियों को भी समय पर मानदेय नही दिया जा रहा है। विकासखण्ड में एक दो पंचायतो में राशि नही होने के कारण पंचायत प्रतिनिधि आंदोलन कर रहे है। वही दूसरी ओर ग्राम पंचायत बोरतरा में 17 लाख रूपये से अधिक की राशि पड़ी हुई है। यह राशि पूर्ववर्ती पंचायत कार्यकाल से रखी हुई है। ग्राम पंचायत बोरतरा में सूचना के अधिकार के तहत ली गई जानकारी में आश्चर्यचकित करने वाला सच उजागर हुआ।

- स्वच्छताग्राहियों को महीनों तक नहीं मिला मानदेय

पंचायत में 15वें वित्त योजना के तहत 16,55,180 रूपये पड़ा हुआ है। बीते लगभग एक साल से पंचायत 15वें वित्त की राशि को जनहित में खर्च नही कर सकी। पंचायत में एक अप्रैल 2025 की स्थिति में पंचायत के खाता में 17,04336 रूपये था। उसके बाद भी स्वच्छताग्राहियो को अगस्त माह तक मानदेय नही दिया गया। 8 अगस्त को मानदेय का भुगतान एक साथ किया गया वह भी जनवरी से जून माह तक का जबकि पंचायत चाहती तो प्रतिमाह मानदेय दे सकती थी। व्याप्त चर्चा एवं पंचायत सूत्रे से प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिव का पूर्ववर्ती सरपंच में सामंजस्य नही बैठा जिससे उस समय भी कार्य नही हो सके। मार्च 2025 में नई पंचायत गठन के बाद नवीन सरपंच से भी सामंजस्य नही बैठ रहा है। बताया जा रहा है कि सरपंच एवं सचिव दोनो ही अपने अपने तरीके से कार्य कराना चाहते है। जिससे कार्य बाधित हो रहा है। सूचना के अधिकार के तहत जो जानकारी पंचायत ने दी है उसके अनुसार इस दौरान पंचायत ने दीवाल लेखन व पेंटिंग कार्य हेतु 13,000 रूपये, पंचायत बैठक मे स्वल्पाहार में 5730 रूपये, स्टेशनरी में 13,840 रूपये व कम्प्यूटर मरम्मत हेतु 2400 रूपये खर्च किए है। इसके अतिरिक्त मानदेय में ही राशि खर्च हुई है। वर्तमान में यहां 16,55,180 रूपये पड़ी हुई है।

ग्राम पंचायत बोरतरा में दो ग्राम है, ग्राम बोरतरा एवं आश्रित ग्राम खैरवाही। दोनो ही ग्रामो में ग्रामीण मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे है, सबसे खराब स्थिति तो आश्रित ग्राम की है, जहां सर्वत्र गंदगी का आलम है। सड़के खराब है, नालियो का अभाव है, उसके बाद भी पंचायत के जिम्मेदारी की महत्वाकाक्षाओ ने ग्राम के विकास को बाधित कर दिया है। सरपंच पूर्णिमा सिन्हा ने कहा हमने कई प्रस्ताव दिए है, लेकिन सचिव सुनते ही नही है। पंचायत सचिव रोहित सिन्हा ने कहा राशि का कही भी दुरूपयोग ना हो इसलिए सोच समझकर कार्य करना पड़ता है।

# जंबूरी में छग ने परचम लहराया, 15 नेशनल सर्टिफिकेट और फ्लैग जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में छत्तीसगढ़ ने परचम लहराया। 15 नेशनल सर्टिफिकेट व फ्लैग के साथ राष्ट्रीय मंच पर श्रेष्ठता साबित किया। रोवर्स रेंजर्स के अनुशासन, समर्पण और सांस्कृतिक कौशल ने बड़ी सफलता दिलाई।

- अनुशासन, समर्पण और टीमवर्क से राज्य का नाम रोशन

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ की मेजबानी में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 से 13 जनवरी तक दुधली, जिला बालोद में किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से आए रोवर्स एवं रेंजर्स के बीच छत्तीसगढ़ राज्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ टीम ने हर गतिविधि में अनुशासित, संगठित और प्रभावी प्रदर्शन दर्ज कराया। प्रथम राष्ट्रीय जंबूरी दुधली जिला बालोद के विभिन्न प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ को 9 ए ग्रेड एवं 6 बी ग्रेड, कुल 15 नेशनल सर्टिफिकेट शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भिलाई।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना उरला रेलवे ट्रैक के पास की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि युवक का नाम भरदा गोंड पोस्ट बुंदेली छुईखदान खैरागढ़ गंडई निवासी रेखु लाल जंघेल के रुप में शिनाख्त हो पाया है। रेखु अपने घर से सात दिन पहले बिना बताए निकला था। युवक ने आत्महत्या किया या फिर ट्रेन से कटा है। इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है। फिलहाल आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### हाईवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना नगपुरा चौक के पास की है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम नारधा निवासी उत्तम कुमार अपने दोस्तों के साथ जसगीत झांकी देखने नगपुरा आया था। 10 जनवरी देर शाम शाम घर लौटते नगपुरा चौक में बाइक सीजी 07 सीएल 8423 को मोड़ते समय हाईवा सीजी 07 बीयू 7586 ने चपेट में लिया। घटना में उत्तम गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने उसे चेक कर मृत घोषित कर दिया। हाईवा चालक की लापरवाही के कारण घटना होने की जानकारी पुलिस को मिली।

**निधन**

### गणेश राम साहू



**अंडा।** अंडा समिपस्थ ग्राम जंजगिरी निवासी गणेश राम साहू उम्र 73 वर्ष का अकास्मिक निधन 13 जनवरी को निधन हो गया, जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम जंजगिरी के मुक्तीधाम किया गया। वे भरा पुरा परिवार को छोडकर चले गये। वे भीषम साहू और हेमेंद्र साहू के पिता थे।

## दुर्ग ग्रामीण में नववर्ष मिलन समारोह में कांग्रेसीयो ने भरा जोश

# कुथरेल में कांग्रेस का नववर्ष मिलन समारोह ताम्रध्वज साहू ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा/ निकुम

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा के ग्राम कुथरेल के सामुदायिक भवन में आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह पूर्व गृह मंत्री व विधायक रहे ताम्रध्वज साहू ने के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता सहित कांग्रेस के राजनीतिक पार्टी के जनप्रति निधि रहे, जिसमें पप्पू चन्द्रकार कृत लोक गमतिया सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, वही आयोजन में पहुंचे अतिथियों ने सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी व महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर राजगीत से आयोजन का शुभारभ किया, वही इस अवसर पर आयोजन में मुख्य अतिथि रहे ताम्रध्वज साहू ने सभी कार्यकर्ताओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा भाजपा सरकार बीते दो वर्ष होने के बावजूद सिर्फ अपनी मनमानी व रीति नीति से प्रदेश की जनता बेहद नाराज है, चाहे किसान, जवान, सहित सभी वर्ग परेशान है, खेती किसानी में समय पर खाद नहीं मिला, ना समय पर टोकन मिल रहा है, ना धान बिक रहा है, ना सड़के बन रही हैं, सरपंच पंचायत में सिर्फ





बैठकर कुर्सी की शोभा बढ़ा रहे, समय रहते कांग्रेस कार्यकर्ता जागे , भाजपा सरकार की नाकामी को जनता तक बताएं, वही भोले भाले छत्तीसगढ़ में अपराध लगातार बढ़ रहा है विकास नहीं सिर्फ जगह शराब भठी खुल रही हैं। वही इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री कांग्रेस राजेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को बंद कर गांव गरीब का अहित कर रही है, झूठा आश्वासन दे रही है, 125 दिन का रोजगार ग्रामीणों को कैसे मिलेगा, जबकि बीते दो वर्षों से गांव में रोजगार नहीं मिलने से पलायन फिर पॉव पसार रहा है, वही दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि भाजपा सिर्फ झूठ बोलती है, , अपराध, कवर्धा में चूहे करोड़ों का धान खा गए, जनता सब देख रही हैं, महतारी वंदना के नाम पर हमारी बहने छली है, महंगाई बढ़ रही है, इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला अध्यक्ष ग्रामीण राकेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष शहर मुकेश चन्द्रकार, पूर्व छाया सांसद राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, प्रदीप चंद्राकर – ब्लॉक अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण सुनील साहू – ब्लॉक 6 रिसाली, रिवेंद्र यादव – पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग,देवेंद्र देशमुख, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, बाबू लाल देशमुख,सुरेन्द्र यादव – पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ सोहन देवांगन – पार्षद नगर निगम रिसाली बंशीवा सिंह – पूर्व सरपंच न.नि. रिसाली अनिल देवांगन – पार्षद गोविंद चतुर्वेदी – जहीर अहमद ।

## ग्राम शास्त्रीनगर मार्ग की बदहाल स्थिति से ग्रामीण हुए परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम कसही के आश्रित ग्राम शास्त्रीनगर जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि वाहन चलाना तो दूर, पैदल आवागमन भी मुश्किल हो गया है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ा डामर और कीचड़ के कारण आए दिन साइकिल व बाइक सवार दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से ग्राम कसही और शास्त्रीनगर के लोगों का रोजाना आवागमन होता है। कार्य, शिक्षा, बाजार एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यह सड़क दोनों गांवों के लिए जीवनरेखा जैसी है, लेकिन इसकी खराब हालत के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार विभागीय स्तर पर शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की हालत दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। यदि शीघ्र मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में यह पहचानना भी मुश्किल हो जाएगा कि इस मार्ग पर कभी डामर सड़क थी या नहीं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मार्ग की बदहाल स्थिति को देखते हुए तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगे और लोगों को सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## निःशुल्क साइकिल किया वितरण



**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में 14 जनवरी 2026 को निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत बालिकाओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष डोमार सिंह साहू तथा समिति सदस्य जेठू राम गांवरे, राधेलाल राणा (ग्राम पटेल) की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति वर्ग की 32, अन्य पिछड़ा वर्ग के बीपीएल की 08 तथा अनुसूचित जाति वर्ग की 01 बालिका सहित कुल 41 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे, जिन्होंने शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की सराहना करते हुए बालिकाओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने में इसे सहायक बताया।

विद्यालय के प्राचार्य नेमसिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को माध्यमिक शिक्षा से जोड़ना, विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा ड्रॉपआउट दर को कम करना है। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन एवं अनुशासन का पालन करने की अपील की।कार्यक्रम में व्याख्याता राधेश्याम साहू, गणेशराम मेरिया, येनुराम मेरिया, मणि कुमार खरे, रमेश कुमार ठाकुर, दानवीर जोशी, रुक्मणी देशमुख, दिलेश कुमार कोठारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।

## कलेक्टर ने 'मोर वीर' का किया स्वागत, मशाल गौरव यात्रा को दिखाई हरी झंडी

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' के शुभंकर 'मोर वीर' का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जिले में 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' के व्यापक प्रचार–प्रसार और आम लोगों को इससे जोड़ने के लिए पहुँचे 'मशाल गौरव यात्र' वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' का प्रथम संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन के व्यापक प्रचार–प्रसार और आम लोगों को इससे जोड़ने के लिए 'मशाल गौरव यात्र' वाहन पूरे प्रदेश का भ्रमण कर नागरिकों को खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।




## डिजिटल इंडिया अभियान के तहत भंडेरा में साइबर सुरक्षा शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीक के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 13 जनवरी को ग्राम पंचायत भंडेरा (जिला बालोद) में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय अटल डिजिटल सेवा केंद्र द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर में ग्राम पंचायत भंडेरा के सरपंच नेमीन भुआर्य, उपसरपंच अश्वनी यादव, धनेश्वरी सिन्हा, शुभम सिन्हा, पंकज देवांगन सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। केंद्र के संचालक रुपेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित इस साइबर सुरक्षा एवं जनजाति शिविर में ग्रामीणों को



बढ़ते डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। श्री सिन्हा ने ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग के संबंध में ओटीपी और पिन नंबर किसी से साझा न करने, अनजान कॉल व संदेशों से सतर्क रहने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी। सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, मोबाइल पर भेजी गई किसी भी एपीके फाइल को न खोलने और अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक विवरण, ओटीपी व पिन किसी भी व्यक्ति को न देने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को डिजिटल माध्यम से उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई तथा उनके सही उपयोग के तरीकों को समझाया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और उन्हें निर्भीक होकर डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करना रहा।

## शाला चिल्हाटीकला में तृतीय पालक-शिक्षक बैठक हुआ

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में तृतीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में उपस्थित अभिभावकों द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात शिक्षकों ने पालकों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान पाठक श्री रमन लाल धनेन्द्र ने कहा कि वही विद्यार्थी जीवन में सफल होता है जो लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करता है। उन्होंने पालकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई एवं विद्यालय में कराई जा रही गतिविधियों की जानकारी नियमित रूप से बच्चों से लें तथा प्रतिदिन यह अवश्य पूछें कि आज स्कूल में क्या सीखा। इस अवसर पर शिक्षक नीलकंठ धनकर ने शासन के एजेंडे के अनुसार निर्धारित 12 बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इनमें घर का शैक्षणिक वातावरण,



छात्र की दिनचर्या, "बच्चा बोलेगा बेझिझक" अभियान, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, आयु व कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण, जाति-आय-निवास प्रमाण पत्र, न्यौता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं, छात्रवृत्तियां व विभागीय योजनाएं, पास्को एक्ट 2012 का प्रचार-प्रसार तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा संबंधी जानकारी शामिल रही।

बैठक में विशेष रूप से छःमाही परीक्षा में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों की जानकारी पालकों को दी गई तथा आगामी वार्षिक परीक्षा के परिणाम को और बेहतर बनाने हेतु सुधारात्मक उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। पालकों द्वारा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं अध्यापन कार्य पर भी चर्चा की गई। बैठक में लगभग 65 पालकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लीला धर भुआर्य, उपाध्यक्ष चंचल साहू, सदस्य रोहित साहू, मनहरण लाल पटेल, लोमन सिंह, राजेश्वरी साहू, टोमिन, ग्राम पटेल टोप सिंह साहू सहित प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र, शिक्षक नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख, सहायक शिक्षिका हितेश्वरी साहू, रेखा देशमुख एवं धनेश्वरी यादव सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## जपं गुण्डरदेही में सरपंच-सचिवों की बैठक आवास और मनरेगा कार्यों में तेजी के निर्देश

**गुण्डरदेही।** सुनील चन्द्रवंशी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद की अध्यक्षता में जनपद पंचायत गुण्डरदेही सभाकक्ष में समस्त 117 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों का पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का बैठक लिया गया।



जिसमें विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिषन ग्रामीण वी.बी. जी राम जी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जनपद पंचायत गुण्डरदेही में वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में स्वीकृत कुल 7738 आवास की प्रगति के संबंध में चर्चा की गई एवं सभी आवासों को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। जिन ग्राम पंचायतों में आवास निर्माण में प्रगति धीमी है उन ग्राम पंचायतों को प्रगति तेज करने हेतु निर्देश दिए गए।

- जल संरक्षण व आजीविका डबरी निर्माण को प्राथमिकता

महात्मा गांधी नरेगा के तहत लेबर बजट के अनुरूप लक्ष्य प्राप्ति हेतु सचिव एवं रोजगार सहायको को रोजगार की मांग के आधार पर कार्य प्रारंभ करने हेतु निर्देश दिए। सभी ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से कार्ययोजना बनाकर तैयार किए जाएंगे जिससे मनरेगा के कार्यो को अधिक पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण से कराए जाने की जानकारी दी गई। मनरेगा योजना के तहत अभिसरण से स्वीकृत आंगनबाडी भवनों में प्रगति नही लाने वाले ग्राम पंचायतों को प्रगति में तेजी लाते हुए जल्द पूर्ण कराकर संबंधित विभाग को हस्तातंरित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में जल सरंक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य अधिक से अधिक कराए जाने एवं आजीविका डबरी निर्माण पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिला स्तरीय के अधिकारी उपस्थित थे।



## सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में मकर संक्रांति दान पर्व के रूप में मनाई गई

**जामगांव आर।** मकर संक्रांति का पर्व समारोह पूर्वक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में मनाया गया। मकर संक्रांति पर चांवल और दाल दान देकर विधार्थियो ने मकर संक्रांति का दान पर्व मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य पूरन लाल बारले ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व भारतीय संस्कृति की दान धर्म का पर्व है। दान उदारता के भाव को जागृत करता है। बच्चो में यह संस्कार बचपन से डालना चाहिए। जिससे बच्चे संस्कारित बन सके। भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत सभी पर्व संस्कार का बीजारोपण करते है।

### 274 विधार्थियो ने किया चावल दाल का दान

सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने वाले विद्यार्थी स्वेच्छा से स्वस्फूर्त यथा योग्य चांवल और दान का दान विद्यालय में एकत्र करते है। 274 विद्यार्थियों और आचार्य दीदियों ने चांवल दाल एकत्र किए जिसे वनवासी कल्याण आश्रम भेजा जाना है। विद्यालय में तिल गुड की लड्डू का वितरण किया गया। उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू, आचार्य हथेश्वर साहू, परमानंद टंडन, प्रीति साहू, धनेश्वरी साहू, दिव्या चंद्राकर, सुनीता सेन, शशि यादव, दीपिका साहू, कविता साव उपस्थित थे।

**पेज 9 के शेष**

### सूर्य उपासना, दान ...

ऊर्जा का संचार होता है। धार्मिक दृष्टि से इस दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व है, खासकर तिल और गुड़ का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। कृषि प्रधान भारत में यह पर्व नई फसल के स्वागत और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का प्रतीक भी है। दल्लीराजहरा के स्थानीय लोग कहते हैं कि वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश साहू ने कहा कि "मकर संक्रांति हमें सूर्य उपासना के साथ-साथ आपसी भाईचारे और दान की भावना सिखाती है। यह पर्व समाज को जोड़ने का काम करता है। गृहिणी सुमन वर्मा ने बताया कि "इस दिन तिल-गुड़ के व्यंजन बनाकर परिवार और पड़ोसियों में बांटना हमारी पुरानी परंपरा है, जिससे मिठास और सौहार्द बना रहता है। युवा राहुल पटेल ने कहा कि पतंगबाजी इस पर्व की सबसे खास बात है। पूरे साल में यही दिन होता है जब पूरा परिवार एक साथ छत पर समय बिताता है। दल्लीराजहरा में मकर संक्रांति का पर्व धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा।

### मनगटा जंगल सफारी ...

न ही यातायात सुरक्षा के आवश्यक संकेतक, स्पीड ब्रेकर अथवा चेतावनी बोर्ड लगाए गए। विडंबना यह है कि समय-समय पर सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है, सांसद की मौजूदगी में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें भी होती हैं, फिर भी वर्षों से इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसका परिणाम यह है कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं के कारण कई परिवार उजड़ चुके हैं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि मनगटा जंगल सफारी मार्ग को तत्काल ब्लैक स्पॉट घोषित कर वहां वैज्ञानिक तरीके से सड़क सुरक्षा उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं और जानमाल के नुकसान को रोका जा सके।

### व्यवहार न्यायालय की मांग ...

लिए जल्द से जल्द कदम उठाए। सांसद ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवहार न्यायालय की स्थापना के लिए काम कर रही है, लेकिन इसमें समय लग सकता है। विभिन्न संघ के प्रमुख जनो मे तिलक दुबे, गेन्दलाल मानकर, खिलेन्द्र भुवार्य, जीवन धनकर, कमलेश गुणधर, गेंद लाल मानकर, नंद लोन्हारे, पिंटू नाहर, कमलेश कांमले,जगत यादव, गोरे लाल सोनी, समीर धुरु, सहित अन्य शामिल थे।

### धान खरीदी में नियमों की ...

पर गर्दा युक्त, बदरा मिला हुआ, लाई युक्त बदरंग धानो की खरीदी कर रहे है। यह भी आरोप है कि ग्रेडिंग के समय पहले ऐसे धानो को रिजेक्ट कर दिया जाता है, बाद में उसकी खरीदी की जाती है, जबकि मजदूर बताते है कि रिजेक्ट धान की सफाई नही होती है। इन सभी समितियो में यह भी आरोप है कि यहां तौल के दौरान बड़ी मात्र में धान जमीन से गिरता है, दावा यहां तक है कि जानबूझकर धान जमीन में गिराया जाता है। मामले में सेवा सहकारी समिति बरही के प्रबंधक लालूराम साहू ने कहा अलग अलग किस्मो को स्टेक लगाने का आदेश मिला था, लेकिन हमने किस्मो के आधार पर स्टेक नही लगाया है। मोटा व पतला तथा सरोना तीन प्रकार का स्टेक लगाए है। यह हमारी व्यवस्था है।

### जंबूरी में छग ने ....

एवं फ्लैग प्राप्त हुए। प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी दुधली बालोद में छत्तीसगढ़ को कुल 15 नेशनल सर्टिफिकेट एवं फ्लैग मिले। इनमें 9 ए ग्रेड और 6 बी ग्रेड शामिल हैं।कुल ग्रेडिंग के अनुसार रोवर्स को 5, रेंजर्स को 4 तथा संयुक्त वर्ग को 6 ग्रेडिंग प्राप्त हुई। ए ग्रेड में रोवर्स, रेंजर्स और संयुक्त—तीनों वर्गों को 3–3 सफलताएं, जबकि बी ग्रेड में रोवर्स को 2, रेंजर्स को 1 और संयुक्त वर्ग को 3 सफलताएं मिलीं। यह उपलब्धि रोवर्स रेंजर्स के कठिन परिश्रम, निश्छल समर्पण, त्याग की भावना और उत्—ष्ट टीम वर्क का परिणाम है। जंबूरी के दौरान आयोजित स्टेट गेट, कैम्प क्राफ्ट एवं कैम्प फायर प्रतियोगिता में रोवर्स एवं रेंजर्स दोनों वर्गों ने ए ग्रेड अर्जित कर राज्य का नाम रोशन किया। पायोनियरिंग एवं मार्च पास्ट में दोनों वर्गों को बी ग्रेड प्राप्त हुआ। संयुक्त वर्ग में बैंक वुडमेन एवं एक्जीबिशन एवं एथनिक फैशन शो में ए ग्रेड तथा फोक डांस एवं कलर पार्टी में बी ग्रेड मिला। इस राष्ट्रीय मंच पर रोवर्स, रेंजर्स एवं संयुक्त वर्ग में संतुलित सफलता के साथ छत्तीसगढ़ ने यह प्रमाणित किया कि राज्य स्काउटिंग गतिविधियों में नेतृत्व, कौशल और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त केंद्र बनकर उभरा है।

### मशीनरी सामान की ...

कमरा में लडकी काटने की मशीन, राड, पाना पेचिंस एवं उडद बीज को रखकर कमरे मे ताला लगाकर चला गया, दुसरे दिन सुबह 08 बजे खेत मकान में जाकर देखा तो कमरे में लगे ताला टुटा हुआ था, अंदर रखे लडकी काटने की मशीन, राड, पाना पेचिंस एवं उडद बीज नही था, कोई अज्ञात चोर द्वारा खेत में बने मकान के कमरा अंदर रखे लडकी काटने की मशीन, राड, पाना पेचिंस एवं उडद बीज को चोरी कर ले गया है। खेत जाने वाले रास्ते पर मकान से 200 मीटर पहले दो पहिया वाहन के चक्के का निशान देखा गया है।

## 18 जनवरी को संभाग स्तरीय साहू सम्मेलन और ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



जिला साहू संघ दुर्ग के द्वारा 18 जनवरी रविवार को दुर्ग संभाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं स्व ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन रविशंकर स्टेडियम मानस भवन दुर्ग मे आयोजित किया गया है। जहां गुण्डरदेही तहसील व परिक्षेत्रीय साहू संघ के सैकड़ो पदाधिकारीगण व सामाजिक जन शामिल होगे। कार्यक्रम मे जाने हेतु तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के पदाधिकारियो की बैठक हुई। जहां बैठक मे तहसील अध्यक्ष डां मानसिंग सार्वा ने तहसील, परिक्षेत्र व ग्रामीण पदाधिकारीगण को इस कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होने अपील की है। बैठक मे तहसील अध्यक्ष डां मानसिंग सार्वा उपाध्यक्ष हेमंत साहू, रामदुलारी साहू, दिलीप कुल्हारे, संतोष साहू, किशन साहू, तीरथ साहू, राजेंद्र साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गण हरदेव लाल सार्वा, भीषम साहू, चन्द्रहास साहू, झग्गर साहू, जेआर साहू, कल्याण साहू, लेखुराम साहू, वर्षा साहू, कविता साहू सहित सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ग्राम धनोरा में मां शाकंभरी जयंती मनाई गई

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनोरा मे कोसरीया मरार समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम से मां शाकंभरी जयंती मनाया। सुबह 10 बजे से शोभा यात्रा गली भ्रमण मां शितला प्रांगण से शुरू होगा जो कि कर्मा मंदिर गोल्डन चौक बजरंग पारा बाजार चौक होते मेन गली शितला प्रांगण के पास मां शाकंभरी मंदिर पर समाप्त होगा। बाजे गाजे के साथ एवं माताएं शिरपर कलश एवं सांग भाजी के टोगरे लेकर चलेगे फिर मां शाकंभरी मंदिर पर पंडित जद्वारा पुजा पाठ एवं समाज के सभी भक्तों द्वारा किया जाएगा तत पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस आयोजन में समाज के सभी सदस्यों का भागी दारी रहेगा पुरे गांव इस कार्यक्रम में त्योहार मनाया जाएगा ।इस आयोजन में समाज के मुख्य रूप से शामिल रहेंगे सेवक राम कृष्णा राम अवध खोरबाहरा नरसिंह प्रदीप परमेश्वर रविश हेमंत तानू अशवनी इतवारी कुंभकरण निर्मल जोहन भीषम दीपक कुंज लाल पुरषोतम संजय होरी लाल नील कमल श्रीमती प्रभा पटेल मुननी बाई राधा बालका रेखा बाई चन्दीका हितेशवरी तीजन बाई आदि सामिल रहेंगे यह जानकारी मनोज पटेल अध्यक्ष ने दी।

### धनेली चौक में सूखा सीसम का पेड़ बना जानलेवा खतरा



**गुरूर।** नगर के धनेली चौक में स्थित सीसम का पेड़ सूख गया है। लगभग 40 फीट ऊंचा पूर्ण विकसित पेड़ सड़क के किनारे सूखकर खड़ा है। पेड़ को सूखे एक साल से अधिक हो गया है। सूखे पेड़ की टहनिया हवा के झोको से टूटकर गिर रहे है। कभी कभी बंदरो के उत्पात से बड़ी व मोटी टहनी टूटकर गिर रही है। जो क्षेत्रवासियो के लिए खतरा बन गई है। पेड़ सड़क किनारे स्थित है, पेड़ के पास रिहायसी क्षेत्र है, दुकाने भी है जहां प्रतिदिन दर्जनो ग्रामीणो व रिहायसी क्षेत्र के निवासियो का आना जाना लगा रहा है। कई बार पेड़ की सूखी पतली टहनी, ग्राहको, राहगिरो व क्षेत्रवासियो के ऊपर गिर चुकी है। क्षेत्रवासियो, दुकानदारो ने पेड़ को वहां से हटाने की मांग नगर पंचायत एवं तहसील कार्यालय मे जाकर कई बार की है लेकिन नगर पंचायत प्रशासन तथा तहसील प्रशासन मामले को गंभीरता से नही ले रहा है जिससे क्षेत्रवासी डर के साए में, खतरो के मध्य जीवन यापन कर रहे है। क्षेत्रवासियो एवं ग्रामीणो ने तत्काल उस पेड़ को हटाने की मांग की है।

### अनाचार करने वाला फरार तांत्रिक गिरफ्तार

**भिलाई।** युवती का अपहरण कर उसके साथ ठगी कर अनाचार करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
**ईश्तहार**
ई कोर्ट नं.
ग्राम-झलमला तहसील-बालोद जिला - बालोद (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पवन कुमार पिता श्री पुरानिक राम ठाकुर जाति हल्बा निवासी ग्राम भेड़िया नवागांव तहसील व जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम झलमला प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 757/17 रकबा 0.0160 हे० भूमि को गैर कृषि-आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट ऋण पुस्तिका व रजिस्ट्री बैनामा की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 04/02/2026 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 14/01/2026 को जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

## आयोजन : किशोर न्याय व पॉक्सो कानून की दी गई जानकारी

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर आईटीआई में विचार मंच युवाओं को मिला नैतिकता और कानून का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्ली राजहरा में विचार मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं बाल कल्याण समिति प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठ जिला बालोद के अध्यक्ष कृष्णा साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ देव मंच पर स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विचार मंच को संबोधित करते हुए कृष्णा साहू ने कहा कि युवा अवस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण टर्निंग पॉइंट होती है, जहां व्यक्ति का भविष्य संवरता या बिगड़ता है। इस अवस्था में युवाओं को अपनी ऊर्जा और क्षमताओं को सकारात्मक एवं श्रेष्ठ कार्यों में लगाना चाहिए तथा नैतिकता और सामाजिकता को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय के बदलाव के साथ स्वयं को भी नए अवसरों के लिए तैयार करना आवश्यक है।

उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को मूलतः चार प्रकार के अधिकार प्राप्त हैं- जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सहभागिता का अधिकार एवं सुरक्षा का अधिकार। इन अधिकारों की रक्षा के लिए 11 प्रमुख कानून बनाए गए हैं, जिनमें किशोर न्याय अधिनियम, पॉकसो एक्ट, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम एवं बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम प्रमुख हैं। पॉकसो कानून पर विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नाबालिग बच्चों के साथ छेड़छाड़, सहमति या असहमति से यौन व्यवहार, यौन उत्पीड़न, मारपीट, अश्लील साहित्य, फोटो या वीडियो दिखाना, अश्लील बातचीत करना, बिना सहमति के फोटो लेना या इच्छा के विरुद्ध स्पर्श करना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में तीन वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। किसी भी घटना की जानकारी मिलने पर 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस थाने में सूचना देना अनिवार्य है। जानकारी छिपाने या गुमराह करने पर भी कानूनी कार्रवाई की जाती है। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह रोकने तथा इससे स्वयं दूर रहने का संकल्प प्रशिक्षणार्थियों और उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य के.के. दुबे ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति की पताका देश-विदेश तक पहुंचाई और भारत के स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी। स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श हैं, जिनके विचारों को अपनाकर चारित्रिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास संभव है।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक सह सम्मान समारोह आयोजित





**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ का पेंशनर भवन शिकारी पारा में मासिक बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक कांकेर संजय प्रसाद एवं विशेष अतिथि एसबीआई मुख्य शाखा प्रबंधक गौरव भटनागर, सेवानिवृत्त डॉक्टर टीडी देवांगन, सेवानिवृत प्रोफेसर आरडी दास उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर की गई। उपस्थित अतिथियों द्वारा 80 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ पेंशनरों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। अतिथियों ने कहा कि आपका सहयोग एवं संतुष्टि ही हमारा लक्ष्य है। प्रोफेसर आरडी दास ने पेंशनरों की आध्यात्मिक चेतना को जगाते हुए प्रश्न रखा कि बाप बड़ा या बेटा। सभी पेंशनरों ने जवाब दिया बाप बड़ा। सर ने फिर प्रश्न पूछा, पिता आप कब बने, जवाब मिला जब बेटा पैदा हुआ। अतः बेटा बड़ा हुआ। वरिष्ठ पेंशनरों में चैतराम साहू, ईश्वर नाथ योगी, तोता राम साहू, झाड़ू राम साहू, विष्णु राम साहू, सुशीला देशमुख, रामहीन बाई, बिरझा बाई का सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में संगठन मंत्री आरके साहू, तहसील अध्यक्ष जेपी सोनेश्वर को सम्मानित किया गया। आयुष चिकित्सालय दल्ली राजहरा से डॉक्टर अमित द्विवेदी उपस्थित थे, उनके निर्देशन में लगभग 70 पेंशनर्स साथियों का बीपी एवं शुगर परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श देते हुए पेंशनरों की पर्ची बनाई गई।

बीपी एवं शुगर जांच हेतु सेवा निवृत लैब टेक्नीशियन सीएल साहू एवं भूपेंद्र सोनबोइर का सहयोग प्राप्त हुआ। आभार प्रदर्शन महामंत्री बीआर बेलसर ने किया।

## गुरुर सामुदायिक भवन में रक्तदान शिविर आयोजित, रामानंदाचार्य संप्रदाय की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की प्रेरणा से आयोजन, रक्तदान को बताया गया प्रत्यक्ष ईश्वर सेवा





देउर मंदिर सामुदायिक भवन गुरुर में 14 जनवरी को सुबह 09 से रक्तदान शिविर आयोजित की गई है। रामानंदाचार्य संप्रदाय भक्त सेवा मण्डल जिला बालोद जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की प्रेरणा से रामानंदाचार्य संप्रदाय द्वारा पूरे भारत में 4 जनवरी से 18 जनवरी तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

रामानंदाचार्य संप्रदाय जिला सेवाध्यक्ष कमलेश कुमार साहू ने बताया कि पिछले वर्ष पूरे भारत में रामानंदाचार्य संप्रदाय द्वारा 1,36,272 यूनिट रक्तदान किया गया था। इस वर्ष बीते 8 दिवस में 1,00,117 यूनिट रक्तदान हो चुका है। झलमला में 11 जनवरी को 100 यूनिट रक्तदान किया गया। एक रक्तदान तीन जिंदगियों की उम्मीद होता है, इंसानियत के लिए रक्तदान प्रमुख माना गया है। धन अनेक है, पुण्य अनेक हैं, परंतु जब जीवन संरक्षण होता है तब वह पुण्य सर्वश्रेष्ठ होता है। कमलेश कुमार साहू ने कहा रक्तदान ही प्रत्यक्ष ईश्वर सेवा है। रक्तदान से नवीन रक्त का सृजन होता है और 48 घंटे में पुनः रक्त बन जाता है। शरीर अधिक सक्रिय स्फूर्ति दायक और निरोगी रहता है। स्वास्थ्य संवर्धन होता है। नियमित रक्तदाता में रक्तचाप कोलेस्ट्रॉल एवं हृदय विकारों का प्रमाण अल्प होता है। थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों को, शल्य क्रिया और दुर्घटनाग्रस्त लोगों को, गर्भवती माता को, अन्य व्याधियों से संघर्ष करने वालों को उपचार का अवसर प्राप्त होता है।

रक्त दान में जाने से आपके रक्त की जांच की जाती है, जिससे आपका ब्लड ग्रुप और कितने प्रतिशत रक्त है इसकी जानकारी होती है। विशेष रक्त ग्रुप का भी पता चलता है। आयोजकों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस जीवनदान महाकुंभ रक्तदान शिविर में सहभागी बनें और मानवता के इस महाअभियान में अपना अमूल्य योगदान देकर किसी जरूरतमंद के जीवन को नई आशा प्रदान करें।

## राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय मानस गान स्पर्धा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- समारोह में विधायक संगीता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही





ग्राम पंचायत भिराई में राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा थी। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू ने किया। विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूरटोमन साहू, निज सचिव विधायक कार्यालय देव कुमार साहू, सेक्टर अध्यक्ष सनौद उमेश कुमार साहू, हिमांशु लावत्रे, अश्विनी साहू उपस्थित थे।

संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भिराई मे मानस प्रचार समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी को सफल धार्मिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा की रामायण से सबको सिख लेना चाहिए। रामायण से हमें सत्य, धर्म, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग और मर्यादा जैसे नैतिक मूल्यों की सीख मिलती है, जो सिखाती है कि बुराई पर अच्छाई की जीत होती है और रिश्तों, अनुशासन व अच्छे आचरण से जीवन को आदर्श बनाया जा सकता है, जिसमें माता–पिता का सम्मान, भाईचारे और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना प्रमुख है।

रामायण से ही परिवार, और भाई भाई मे मेल सहयोग की सिख मिलती है, धार्मिक आयोजनों से ही गांव मे शांति भाईचारा एकता का भाव उत्पन्न होता है, खैरागढ़ की मंडली के कथा प्रसंग से अभिभूत होकर विधायक जी ने कहा कि वास्तव मे एक माँ और पिता अपने चार बच्चों का लालन–पालन बड़े ही सुन्दर ढंग और बिना किसी तकलीफ के कर लेते हैं, लेकिन वही बच्चे जब बड़े होकर माता पिता को बांटने लगते हैं और उनका लालन–पालन नहीं कर पाते हैं, तो बहुत ही तकलीफ होती है। हम रामायण तो सुन लेते हैं पर रामायण में कही हुई बातों को अपने असल जिंदगी में चरितार्थ नहीं कर पाते। उन्होंने सभी से निवेदन किया कि आप सभी अपने मां और पिता का सम्मान करे उन्हें अच्छा पारिवारिक माहौल दें, ताकि उनकी जिंदगी शांति एवं खुशी से बीते। साथ ही साथ गांव मे विकास कार्यों के लिए आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम मे सरपंच सनत सिन्हा, बसंत साहू अध्यक्ष रामायण समिति, अश्विनी साहू, केश कुमार साहू, मिलन राम साहू बोहारा, सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खैरवाही में दिवसीय मानस सम्मेलन में प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान



**गुरूर।** ग्राम खैरवाही मे नवसृजन नवयुवक मंडल के तत्वाधान में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का समापन हुआ। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दिनेश्वरी सिन्हा ने कहा कि आज युवाओं का योगदान सभी गांवो मे देखने को मिल रहा है। समाज के विकास मे युवाओं की भागीदारी रहता है।

अध्यक्षता कर रही सरपंच पूर्णिमा सिन्हा ने कहा भगवान राघवेंद्र सरकार के विचारों को जीवन मे उतारना होगा तभी जीवन सार्थक होगा। वैशाली साहू, रेवा राम साहू, धनंजय सिन्हा ने भी संबोधित किया। नवयुवक मंडल ने 12 वी एवं 10 वी के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया। जिसमे कक्षा 12 वी संजना हिरवानी, ऋषभ हिरवानी, मुंकुद साहू, चन्द्रकांत नागवंशी, होमिशा नागवंशी, ललित कुमार व 10 वी से यूमन गुरुपंच, मुस्कान लावत्रे, योगिता साहू, मयंक हिरवानी, हेमलता बाण्डे, लोकेश्वरी निषाद, मनीष सिन्हा एवं मनीषा बंछोर का प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रविकांत नागवंशी, महेश्वर साहू, भूपेन्द्र पटेल, हेम कुमार, गोपाल साहू, ढालेन्द्र सिन्हा, ओमप्रकाश गंजीर, द्रोपती साहू, बलराम हिरवानी, कंचन नागवंशी, परमानंद हिरवानी, पंचू नेताम, राकेश चन्द्राकर एवं नवयुवक मंडल का योगदान रहा।

## श्री भक्त गुहा निषाद जयंती एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन 16 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- समापन समारोह में विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि

तहसील निषाद समाज बालोद द्वारा श्री भक्त गुहा निषाद जयंती का आयोजन के साथ युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं भूमि पूजन का आयोजन 16 जनवरी को किया गया है। सम्मेलन केंवट घाट सिवनी तांदुला तट बालोद के पास किया गया है। कार्यक्रम मे प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण, प्रातः 9:15 बजे से पूजा अर्चना, प्रातः 11 से 12 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष मछुवा कल्याण बोर्ड भरत मटियारा होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील निशाद समाज बालोद रविन्द्र कुमार निशाद करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा यशवंत जैन करेंगें। विशिष्ट अतिथि में अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद चेमन देशमुख, जिला आयुक्त स्काउट गाइड बालोद राकेश यादव, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया, जिला मंत्री भाजपा बालोद सुरेन्द्र देशमुख, अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स बालोद हरिश सांखला, सरपंच ग्राम पंचायत सिवनी बहुर सिंह नेताम होंगे। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा होंगी।

अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील निशाद समाज बालो रविन्द्र कुमार निशाद करेंगे। विशिष्ट अतिथि में अध्यक्ष जिला निशाद समाज बालोद राजेन्द्र निशाद, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी, सदस्य जिला पंचायत बालोद पूजा वैभव साहू, विधायक प्रतिनिधि बालोद कमलेश श्रीवास्तव, सदस्य जनपद पंचायत बालोद मोहनिश पारकर, पार्शद वार्ड क्रमांक 16 नगर पालिका परिशद् बालोद विनोद बंटी शर्मा, अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बालोद अंचल प्रकाश साहू होंगे। यह जानकारी तहसील निशाद समाज मिडिया प्रभारी कमल निशाद ने दी।

## ग्रीष्मकालीन धान का रकबा घटा किसान दलहन और तिलहन की ओर बढ़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर में ग्रीष्मकालीन धान का रकबा घटाकर किसान दलहन एवं तिलहन की खेती अपना रहे है। जिससें ग्राम जगन्नाथपुर में ग्रीष्मकालीन धान का रकबा घटा है। गिरते भू–जल स्तर को बचाने और कम लागत में बेहतर मुनाफा कमाने के उद्देश्य से इस वर्ष किसानों ने ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन और तिलहन फसलों की खेती की कर रहे हैं।

कृषि विभाग के उप संचालक आशीष चन्द्राकर ने बताया कि जिले के बालोद विकासखंड के ग्राम जगन्नाथपुर में धान के रकबे में भारी कमी आई है। उन्होंने बताया कि ग्राम जगन्नाथपुर में कुल 424 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिसमें से पिछले वर्ष 380 हेक्टेयर में ग्रीष्मकालीन धान की फसल ली गई थी। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के सतत मार्गदर्शन के बाद वर्ष 2025–26 में यह रकबा घटकर मात्र 120 हेक्टेयर रह गया है। इसके साथ ही करीब 254 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों ने धान के बदले वैकल्पिक फसलों का चयन किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में निरंतर भू–जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसके साथ ही 'कृषक चौपाल' और जनसंपर्क के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है कि ग्रीष्मकालीन धान में अत्यधिक पानी की खपत होती है, जिससे भूमिगत जल स्तर तेजी से गिर रहा है। इसके विकल्प के रूप में किसानों को गन्ना, मक्का, कुसुम, सूरजमुखी, दलहन और तिलहन फसल लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। किसानों द्वारा उत्पादित दलहन–तिलहन फसलों की खरीदी 'प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान' के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। इससे किसानों को उत्पादित फसल का सही दाम भी मिलेगा। इसके अलावा किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ भी ले सकते हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
**ईश्तहार**
ई कोर्ट नं.
ग्राम-झलमला
तहसील-बालोद जिला बालोद (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरस्वती तारम पति श्री खोमन लाल जाति हल्बा निवासी ग्राम ढाबाडीह तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम झलमला प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं 917/15 रकबा 0.0212 हे. भूमि को गैर कृषि - आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन, नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व रजिस्ट्री बैनामा की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 04/02/2026 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 14/01/2026 को जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

## स्वामी विवेकानंद जयंती व युवा दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

विवेकानंद हाई स्कूल डौंडी में 12 जनवरी को वसुधैव कुटुंबकम के प्रणेता, विश्वबंधुत्व की भावना को जागृत करने वाले महान चिंतक एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस (राष्ट्रीय युवा दिवस) हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद एवं मां शारदा के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं, पालकों एवं शिक्षकों को युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर शिक्षक एच. के. लेनपांडे, संचालन समिति के अध्यक्ष श्रवण राठौर, पालक समिति की अध्यक्ष एवं सचिव कृष्णा रावटे सहित सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं गौरव गाथा से अवगत कराया। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर अग्रसर करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पालक एवं संचालन समिति की अध्यक्ष अनिता मिश्रा, श्रवण राठौर, सदस्य सचिव कृष्णा रावटे, संस्था प्रमुख एस. आर. यादव, शिक्षक एच. के. लेनपांडे, नेमीचंद तथा शिक्षिकाएं ममता, रानू, तोमिन, दिनेश्वरी, कविता प्रधान, भुनेश्वरी, कविता, निधि सोनी, टेशवरी, निशा, शालिनी, अंजलि, मधु, निगम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### बीएस किरी चैरिटेबल ट्रस्ट ने बुजुर्ग को बांटे व्हीलचेयर

**गुरूर।** नगर की प्रतिष्ठित बीएस किरी चैरिटेबल ट्रस्ट ने नगर के बुजुर्ग के परिजनो को व्हील चेयर प्रदान किया। बीएस किरी चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी जयंत किरी ने बुजुर्ग की बेटी को व्हील चेयर प्रदान किया। गौरतलब है कि नगर के गोपाल वैष्णव 85 साल की तबीयत बीते कुछ माह से खराब चल रही है। उन्हे चलने फिरने में परेशानी हो रही है। गोपाल दास वैष्णव का एक मात्र पुत्र बीते 4 साल से लापता है। गोपालदास को उनकी पुत्रीयो ने अपने साथ रखकर उनकी सेवा कर रही है। गोपाल दास की माली हालत एवं बिगड़ते स्वास्थ की जानकारी होने पर बीएस किरी चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी जयंत किरी ने उन्हे व्हील चेयर प्रदान करने की पेशकश की एवं उन्हे व्हील चेयर प्रदान किया। बीएस किरी चैरिटेबल ट्रस्ट नगर के प्रतिष्ठित उद्योगपति स्व. भीमराज सुंदरमल किरी के नाम से किरी परिवार ने बनाया है कि जो लगातार जन हित मे कार्य कर रही है। गरीब जरूरतमंदो को चिकित्सा सामग्री प्रदान करने, पर्यावरण रक्षा के लिए पौधारोपण करने के साथ प्रतिवर्श ग्रामीणो को निःशुल्क हजारो पौधो का वितरण है एवं आम जनता को पौधा लगाने प्रेरित करते है।

### 16 को जिला व तहसील ग्राम पटेल संघ का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह

**बालोद।** अध्यक्ष जिला एवं तहसील ग्राम पटेल संघ बालोद द्वारा शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन 16 जनवरी को ग्राम सिवनी में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। जिसमे मुख्य अतिथि जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा रहेगी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ग्राम पंचायत सिवनी रविशंकर कोटेन्द्र करेंगे। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल, अध्यक्ष पटेल संघ बालोद डोमार सिंह कुंवर, सरपंच ग्राम पंचायत सिवनी बहुर सिंह नेताम, सरंक्षक जिला पटेल संघ केवल सिंह पटेल, अध्यक्ष तहसील पटेल संघ गुण्डरदेही ढाल सिंह पटेल, अध्यक्ष तहसील पटेल संघ गुरूर रामचंद साहू, अध्यक्ष तहसील पटेल संघ डौण्डीलोहारा कुंशल मंडावी, अध्यक्ष तहसील पटेल संघ डौण्डीलोहारा अनिल कुमार निशाद उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी भावसिंह यदुवंशी ने दी।

## निधन

### मुरलीधर ठाकुर

**अंडा।** अंडा समिपस्थ ग्राम जंजगिरी निवासी पूर्व उपसरपंच



मुरलीधर ठाकुर उम्र 50 वर्ष का अकास्मिक निधन 14 जनवरी को निधन हो गया, जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम जंजगिरी के मुक्तीधाम किया गया। वे भरा पुरा परिवार को छोडकर चले गये। वे अनुराग व दर्शित ठाकुर के पिता थे।

**आयोजन : सांस्कृतिक संध्या में विविध लोक कला का रंगारंग प्रदर्शन**

# नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी का समापन: पायोनरिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के समापन अवसर पर आज पायोनरिंग स्काउटिंग व अन्य गतिविधियां आकर्षण का केन्द्र रहा। आज जंबूरी के समापन दिवस के सांस्कृतिक संध्या के बेला पर विभिन्न राज्यों के रोवर रेंजरों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित जन समुदाय को भाव विभोर कर दिया। आज सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर विभिन्न राज्यों के रोवर रेंजरो द्वारा प्रस्तुति की जाने वाली रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन करने हेतु बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के अलावा संबलपुरी, राजस्थानी लोक कलाओं के अलावा कार्यक्रम में उपस्थित रोवर रेंजरो ने अपने–अपने राज्यों के लोक कला एवं लोक सांस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति दी।

स्काउटिंग केवल गतिविधियों का समूह नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, अनुशासन और सेवा का जीवन–दर्शन है। इस दर्शन की आत्मा यदि किसी एक कला में साकार होती है, तो वह है पायोनरिंग। स्काउटिंग में पायोनरिंग का विशेष महत्व इसलिए है क्योंकि यह सीख को केवल सैद्धांतिक नहीं रहने देती, बल्कि हाथों से गढ़े गए अनुभव में बदल देती है। कैंपों के दौरान पायोनरिंग का प्रदर्शन स्काउटिंग की रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का प्रतीक होता है। रोवर्स, स्काउट्स, रेंजर्स एवं गाइड्स को गठानों और बंधनों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। ये गठानें केवल रस्सी बांधने की कला नहीं, बल्कि आपात परिस्थितियों से निपटने का मजबूत आधार हैं। प्राकृतिक आपदाएं हों, जंगल कैंप हों या सीमित संसाधनों में जीवनयापन–पायोनरिंग हर स्थिति में स्काउट्स को समाधान तलाशना सिखाती है। पायोनरिंग स्काउट्स को यह भी सिखाती है कि कम से कम साधनों में अधिक से अधिक कैसे किया जाए। जंगल कैंप में उपलब्ध बांस, रस्सी और सही गठानों के सहारे जीवन की सुविधाएं खड़ी कर देना—यह कला आत्मविश्वास, धैर्य और टीमवर्क का अद्भुत संगम है।






दुधली में आयोजित नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के अंतर्गत पायोनरिंग प्रोजेक्ट की विशेष प्रदर्शनी इस कला का जीवंत उदाहरण बनी हुई है। ओड़िसा व राजस्थान के रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा बांस, स्काउट रस्सी और विविध गठान–बंधन तकनीकों से निर्मित ब्रिज, वॉच टावर और रोप ब्रिज दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन अद्वितीय मॉडल्स को देखने के लिए प्रदर्शनी स्थल पर लगातार बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इन संरचनाओं को देखकर दर्शकों की आंखों में कौतूहल और प्रशंसा साफ झलकती है, वहीं युवा स्काउट्स के लिए यह प्रदर्शनी प्रेरणा का सशक्त माध्यम बन रही है।

### जंबूरी:ब्रिज, वॉच टावर और रोप ब्रिज बने दर्शकों का आकर्षण केंद्र



**बालोद।** बालोद में आयोजित नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के अंतर्गत पायोनरिंग प्रोजेक्ट की विशेष प्रदर्शनी इस कला का जीवंत उदाहरण बनी हुई है। ओड़िसा व राजस्थान के रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा बांस, स्काउट रस्सी और विविध गठान-बंधन तकनीकों से निर्मित ब्रिज, वॉच टावर और रोप ब्रिज दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने। इन अद्वितीय मॉडल्स को देखने के लिए प्रदर्शनी स्थल पर लगातार बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।



## जंबूरी में विधिक जागरूकता स्टॉल का निरीक्षण किया

**बालोद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार ग्राम दुधली में आयोजित राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी 09 से 13 जनवरी तक विधिक जागरूकता स्टॉल लगाया गया है।

- प्रतिभागियों और आम जनता को कानूनी अधिकारों की जानकारी प्रदान

उक्त स्टॉल का निरीक्षण प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एसएल. नवरत्न के द्वारा 12 जनवरी को निरीक्षण किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने बताया कि इस स्टॉल में जंबूरी में आने व्यक्ति को कानूनी अधिकारों और विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी तथा समाज के कमजोर वर्गों को न्याय तक पहुँचने और अपने अधिकारों के लिए सशक्त बनाने का माध्यम है। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा उपस्थित व्यक्ति को पुस्तक एवं पाम्पलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर किरण कुमार जांगडे, प्रथम जिला न्यायाधीश बालोद, कृष्ण कुमार सूर्यवंशी विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट बालोद, ताजुददीन आसिफ, जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश एफ.टी.सी. कोर्ट बालोद, श्वेता उपाध्याय गौर, द्वितीय जिला न्यायाधीश बालोद, संजय कुमार सोनी मुख्य न्यायिक मजिस्टेट बालोद, भारती कुलदीप, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद, कुमारी भूमिका धुव व्यवहार न्यायाधीश बालोद एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के पैरालीगल वालिटियर्स उपस्थित थे।



## जंबूरी में 15 हजार प्रतिभागियों को शासन द्वारा पांच दिन तक निःशुल्क भोजन वितरित किया

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालोद जिला के ग्राम दुधली में प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी का आयोजन हो रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा करीब 15 हजार रोवर रेंजर्स सहित अन्य लोगों को निःशुल्क भोजन करने का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पहला आयोजन है जिसमें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा देश और विदेश से आए रोवर–रेंजर एवं अतिथियों को 5 दिनों तक निःशुल्क भोजन दिया गया। 9 से 13 जनवरी तक मेनू के मुताबिक सुबह नाश्ता दोपहर एवं रात को भोजन और शाम को चाय बिस्किट सहित अलग–अलग दिन अलग–अलग प्रकार का भोजन स्काउट गाइड्स के बच्चों को भरोसा गया है। 15 हजार रोवर–रेंजर को भोजन बनाने वितरण के लिए 500 रसोईया एवं 100 रोवर रेंजर्स की टीम लगी रही।

- देश में पहली बार 'नो कुकिंग, ओनली लर्निंग'

भोजनालय के लिए 10 विशाल डोम तैयार किए गए थे, जहां एक डोम में करीब 2000 बच्चे एक साथ भोजन कर सकते थे। भोजन पकाने एवं वितरण का उत्कृष्ट नमूना और प्रबंधन देखने को मिला। स्टॉल के माध्यम से सभी बच्चों को समय पर नाश्ता और भोजन कराया गया। ताकि बच्चे अपने सभी प्रकार के एक्टिविटी में समय पर तैयार हो सके और जंबूरी को सफल बना सके। बताया गया कि इसके पुर्व अब तक जितने भी जंबूरी का आयोजन भारत वर्ष में हुई है उसमे सब में प्रतिभागियों को भोजन के लिए शुल्क देने की आवश्यकता पड़ती थी या फिर संबंधित राज्य को अपने भोजन व्यवस्था स्वयं को करनी पड़ती थी, मगर यह पहली बार है कि किसी भी राज्य को अपना रसोई की चिंता नहीं करनी पड़ी।

इतने सारे बच्चों को भोजन कराना एक बड़ी चुनौती थी, जिसे भारत स्काउट गाइड्स ने एक मजबूत संकल्प शक्ति के साथ और अपने कुशल प्रबंधन के साथ सभी बच्चों को एक विशाल भंडारे के रूप में भोजन कराने में सफल रहा।

## पिता की स्मृति में संजय का 168 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन का निर्णय, 40 पीड़ित रायपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

कुसुमकसा के पूर्व जनपद सदस्य एवं समाजसेवी संजय बैस द्वारा अपने पिता स्वर्गीय जयपाल सिंह

- समाजसेवा की प्रेरक पहल: संजय बैस ने अपने खर्च पर कराया नेत्र ऑपरेशन का प्रबंध



बैस की प्रथम पुण्य स्मृति पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के साथ-साथ विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर के माध्यम से जनसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। आयोजित नेत्र जांच शिविर में कुल 700 लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई, जिसमें से 250 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। जांच के दौरान 168 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हांकित किया गया, जिनका ऑपरेशन तीन चरणों में संजय बैस द्वारा अपने निजी खर्च पर रायपुर में कराया जा रहा है।इसी क्रम में आज दूसरे चरण के तहत 40 मरीजों को गणेश विनायक आई हॉस्पिटल रायपुर ले जाया गया। इसके पूर्व कुसुमकसा रेलवे स्टेशन पर महावीर पैथोलॉजी के सौजन्य से सभी मरीजों की निःशुल्क बीपी एवं शुगर जांच प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई, ताकि ऑपरेशन के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो।उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में 60 मरीजों का सफलतापूर्वक नेत्र ऑपरेशन कराया जा चुका है। दूसरे चरण के लिए 40 मरीजों को संजय बैस की माताजी श्रीमती कमला बैस द्वारा अभिनंदन कर रायपुर के लिए रवाना किया गया। जनपद सदस्य मंजू बैस ने सभी मरीजों को आई-कार्ड पहनाकर सुरक्षित व सफल ऑपरेशन की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन के केयर टेकर राहुल जैन, विनोद सोनी एवं पंकज जेठवानी ने बताया कि सभी मरीजों को घर जैसा वातावरण प्रदान किया जा रहा है। चाय-नाश्ता, भोजन, आवागमन सहित संपूर्ण व्यवस्था संजय बैस एवं उनके परिवार द्वारा पूर्णतः निःशुल्क की जा रही है।

इस पुण्य आयोजन में ग्राम के अनेक समाजसेवी भी सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। इस अवसर पर राम जानकी सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष जैन, उपसरपंच नितिन जैन, देवराज जैन, कमलकांत साहू, मोती कुचेरिया, दिनेश जैन, संजय रस्तोगी, मनीष जेठवानी, किशोर सेन, डॉ. नसीम खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ ने स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन गायत्री परिवार युवा बालोद द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निपानी में आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में गायत्री परिवार बालोद के युवा प्रकोष्ठ द्वारा युवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक जीवन, विचार तथा आदर्शों के बारे में जानकारी दी जा रही है।




कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की शक्ति कहा है। उनके संदेश आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, उच्च चरित्र और आदर्श जीवन अपनाने की प्रेरणा देते हैं। विद्यार्थियों को उनके विचारों का अनुसरण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन में गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के मोहन साहू, रवि साहू, मुकेश साहू, धर्मवीर साहू, खेमन साहू तथा कार्यकर्ता लोचन प्रसाद साहू, मान सिंह साहू एवं राजेंद्र सिन्हा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुकेश साहू ने स्वामी विवेकानंद के आदर्श जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। मोहन साहू ने साधना, स्वाध्याय, समय सेवा तथा नशामुक्त जीवन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। राजेंद्र सिन्हा ने आदर्श दिनचर्या और व्यक्तित्व विकास पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भेड़िया नवागांव, पीपरछेड़ी और निपानी में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा सभी बच्चों को नशा न करने और आदर्श जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया।

### दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता17 से

**लाटाबोड़।** नववर्ष एवं मकारसक्रांति के पावन अवसर पर ग्राम लाटाबोड़ मे छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन जय सरस्वती लोक संगीत रामधुनी पार्टी एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से 17 एवं 18 जनवरी को रखा गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष चन्द्रहास सोरी ने बताया रामधुनी प्रतियोगिता का यह 32 वां वर्ष है।

## सेजेस कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क सायकल का वितरण किया

**डौण्डीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अछोली (सेजेस) में मंगलवार 13 जनवरी को कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 113 छात्राओं को सायकल प्रदान की गई, जिससे उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में सुविधा मिल सकेगी और विद्यालय आवागमन सरल होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य (सभापति क्षेत्र क्रमांक 6) प्रभा रामलाल नायक रहीं। अध्यक्षता जिला भाजपा कोषाध्यक्ष हरिश कटझरे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य लखन लाल आर्य, ग्राम पंचायत अछोली की सरपंच उर्मिला भंडारी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष निरंजन बर्मन, मनोज भंडारी एवं हीरादास मानिकपुरी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आर. एल. तारम ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए शासन की इस योजना को छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। अतिथियों ने छात्राओं को सायकल प्रदान कर उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
4 फरवरी 2026
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दसमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहटी
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411